## संपादकीय

# सहमे तो सौंगात

सुधारवादी तेवरों के साथ साढ़े चार साल तक शासन करने वाली भाजपा आम चुनावों में जीत के लिये लोकलुभावन राजनीतिक फार्मूले की दुविधा से गुजर रही है। राजग सरकार ने तमाम कठोर फैसले लेकर देश के लिये दूरगामी असर वाले फैसले लिये। मगर हाल के विधानसभा चुनाव में शिकस्त के बाद मंथन चल रहा है कि क्या राजग सरकार को भी जिताऊ राजनीतिक तेवर अपनाने चाहिए? अर्थव्यवस्था के लिये नुकसानदायक मानी जानी वाली ऋण माफी के मुद्दे का जिताऊ राजनीति का अस्त्र बनने के बाद यह सवाल भाजपा को भी मथ रहा है। किसान कर्ज माफी का मुद्दा हाल के चुनावों में जैसे जीत का आधार बना, उसके मद्देनजर भाजपा भी अपनी रणनीति पर विचार कर रही है कि क्या अब चुनावी वर्ष में लोकलुभावनी राजनीति का सहारा लेना चाहिए। जैसा कि वर्ष 2009 के चुनाव में संप्रग सरकार ने दांव खेला था और फिर वह मजबूती से सत्ता में आई थी। हालांकि यह प्रयोग भाजपा उत्तर प्रदेश में भी कर चुकी है। ऐसे में भाजपा को आने वाले कुछ सप्ताह में फैसला लेना है जो निश्चित रूप से अंतरिम बजट के बाद संभव नहीं हो पायेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कुछ लोकलुभावनी सौगात देने की घोषणा हुई, जिसमें मुफ्त गैस कनेक्शन देने वाली उज्ज्वला योजना के दायरे में अब उन सारे गरीब लोगों को लाने का फैसला हुआ, जिनके पास एलपीजी कनेक्शन नहीं हैं। इसके लिये गरीब परिवारों को सेल्फ डिक्लेरेशन देना होगा। अब तक 5.86 करोड़ कनेक्शन उज्ज्वला योजना में दिये गये। वहीं सरकार ने मोबाइल नंबर और बैंक खातों को आधार कार्ड से स्वैच्छिक रूप से जोड़ने को कानूनी रूप प्रदान करने के लिये दो कानूनों में संशोधन के लिये संसद में विधेयक लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। बकौल सरकार फैसला लोगों की सुविधा के लिये लिया गया। कहीं न कहीं यह फैसला सुप्रीमकोर्ट की भावना के अनुरूप लिया गया है। सुप्रीमकोर्ट ने इस अनिवार्यता के लिये कानूनी प्रावधान न होने का उल्लेख किया था। फैसले की अनिवार्यता से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जिसे अब सरकार ने स्वैच्छिक रूप से जोड़ने की बात कही है। वहीं श्रम मंत्रालय की सहमति से अब नौकरी गंवाने वाले व्यक्ति को सुविधा मिली है कि वह नौकरी जाने के एक माह बाद पीएफ खाते से 75 फीसदी रकम निकालकर अपने घर का खर्चा चला सकेगा। नौकरी मिलने के बाद खाता फिर चालू हो जायेगा।

# जियो यूजर्स के लिए आई बड़ी खुशखबरी




नई दिल्ली। रिलायंस जियो 4 जी डाउनलोड रफ्तार के मामले में सबसे आगे बनी हुई. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की तरफ से नवंबर के लिए जारी चार्ट में यह जानकारी दी गई. हालांकि, जियो के नेटवर्क प्रदर्शन में थोड़ी गिरावट आई और उसकी औसत रफ्तार 20.3 मेगाबिट प्रति सेकेंड (एमबीपीएस) दर्ज हुई है. अक्टूबर में मुकेश अंबानी की कंपनी की औसत डाउनलोड रफ्तार 22.3 एमबीपीएस रही थी.

**एयरटेल के 4 जी नेटवर्क के प्रदर्शन में सुधार**

ट्राई के माईस्पीड पोर्टल पर प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार नवंबर में भारती एयरटेल के 4 जी नेटवर्क का प्रदर्शन थोड़ा सुधरा है और यह अक्टूबर के 9.5 से बढ़कर नवंबर में 9.7 एमबीपीएस हो गया. हालांकि, वोडाफोन और आइडिया सेल्युलर ने अपने कारोबार का विलय किया है और दोनों अब वोडाफोन आइडिया के नाम से परिचालन करती हैं, लेकिन ट्राई ने दोनों के नेटवर्क के प्रदर्शन के आंकड़े अलग-अलग दिए है.

**अपलोड के मामले में आइडिया शीर्ष पर कायम**

वोडाफोन के नेटवर्क पर 4 जी डाउनलोड रफ्तार मामूली सुधार के साथ 6.8 एमबीपीएस रही है जो अक्टूबर में 6.6 एमबीपीएस रही थी. वहीं आइडिया नेटवर्क पर यह 6.4 से घटकर 6.2 एमबीपीएस रह गई है. हालांकि, 4 जी अपलोड रफ्तार के मामले में आइडिया शीर्ष पर बनी हुई है. नवंबर में आइडिया के नेटवर्क पर अपलोड रफ्तार 5.6 एमबीपीएस रही. अक्टूबर में हालांकि यह 5.6 एमबीपीएस थी.जो कोई उपभोक्ता वीडियो देखता है, या इंटरनेट खोलता है अथवा ई-मेल खोलता है तो डाउनलोड रफ्तार महत्वपूर्ण होती है. वहीं उपभोक्ता द्वारा तस्वीर वीडियो या अन्य कोई फाइल साझा करने के दौरान अपलोड रफ्तार महत्वपूर्ण हो जाती है. नवंबर में अपलोड रफ्तार के मामले में वोडाफोन 4.9 एमबीपीएस के साथ दूसरे स्थान पर रही. वहीं जियो 4.5 एमबीपीएस की रफ्तार के साथ तीसरे स्थान पर फिसल गई. नवंबर में एयरटेल की अपलोड रफ्तार मामूली सुधार के साथ 4 एमबीपीएस रही.

# गूगल ने विंटर सॉल्सटिस के मौके पर डूडल बनाया

नई दिल्ली (आरएनएस)। सर्च इंजन गूगल ने शीत संक्रांति यानी विंटर सॉल्सटिस के मौके पर खास डूडल बनाया है। साल के सबसे छोटे दिन को विंटर सॉल्सटिस (संक्रांति) कहा जाता है। आज का दिन साल में सबसे छोटा होता है और सूरज से धरती काफी दूर रहती है। यह साल बहुत विशेष है क्योंकि इस बार दिसंबर का पूरा चंद्रमा (जिसे कोल्ड मून कहा जाता है) रात में आसमान में पूर्ण रूप से दिखाई देगा। यह पूरा चांद शुक्रवार और शनिवार की रात देखा जा सकेगा। मूल अमेरिकियों में दिसंबर की पूर्णिमा को वर्ष के सबसे ठंडी अवधि की शुरुआत के रूप में चिह्नित किया जाता है।



उत्तरी गोलार्ध में शुक्रवार का दिन सर्दी का पहला दिन माना जाता है। इस दिन रात साल में सबसे लंबी होती है। गूगल के इस डूडल में एक एनिमेटिड कार्टून स्केटिंग कर रहा है। भारत में विंटर सॉल्सटिस 22 दिसंबर को तड़के 3.53 बजे होगा।

# फिर शुरू हुआ पेट्रोल, डीजल के दाम घटने का सिलसिला

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में लगातार तीन दिनों की स्थिरता के बाद शुक्रवार को फिर कीमतों में गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पिछले दिनों कच्चे तेल के दाम में आई भारी गिरावट के बाद पेट्रोल और डीजल के दाम में आगे और कमी हो सकती है। हालांकि विदेशी वायदा बाजार में कच्चे तेल के दाम में फिलहाल रिकवरी आई है।



तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल के दाम में दिल्ली और मुंबई में 17 पैसे, कोलकाता में 16 पैसे और चेन्नई में 18 पैसे प्रति लीटर की कटौती की। वहीं, डीजल के दाम दिल्ली, और कोलकाता मे 15 पैसे, जबकि मुंबई और चेन्नई में 16 पैसे प्रति लीटर घट गए हैं।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट पर दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमतें क्रमशः 70.46 रुपये, 72.55 रुपये, 76.08 रुपये और 73.11 रुपये प्रति लीटर दर्ज की गईं। तेल विपणन कंपनियों ने चारों महानगरों डीजल के दाम भी घटाकर क्रमशः 64.39 रुपये, 66.15 रुपये, 67.39 रुपये और 67.98 रुपये प्रति लीटर कर दिए हैं।

# अब केबल टीवी के जरिए मिलेगी इंटरनेट की सुविधा

**चला सकेंगे फोन और लैपटॉप**




नई दिल्ली (आरएनएस)। आम जनता के लिए अच्छी खबर है। अब आपको इंटरनेट चलाने के लिए डाटा पैक या वाईफाई लगाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि केंद्र सरकार बहुत जल्द केबल टीवी के जरिए घरों और कार्यालयों तक इंटरनेट की सुविधा मुहैया करवाने जा रही है।

जानकारी के अनुसार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) केबल टीवी के जरिए इंटरनेट (ब्रॉडबैंड) पहुंचाने से जुड़े सभी मुद्दों को सुलझाने की दिशा में काम कर रहा है। इसके लिए सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय ने केबल ऑपरेटर्स, ट्राई और दूरसंचार विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में लाइसेंस फीस, एजीआर से जुड़े मुद्दों पर बात की गई है। अगले दो महीने में इसके लिए दिशा-निर्देश जारी होंगे।

सरकार का मानना है कि देश में लाखों लोग केबल टीवी से जुड़े हुए हैं ऐसे में लोगों तक केबल के जरिए इंटरनेट पहुंचाना काफी आसान हो जाएगा। साथ हीइससे लोगों को इंटरनेट कनेक्शन के लिए अलग से पैसे नहीं चुकाने होंगे।

# स्टेलर ने लॉन्च किए डाटा रिकवरी समाधान

नई दिल्ली। डाटा रिकवरी सॉल्यूशन प्रदान करने वाली कंपनी स्टेलर ने गुरुवार को चार नए सॉफ्टवेयर लांच किए जिनसे फोटो, वीडियो की रिकवरी और रिपेयर में काफी सहूलियत मिलेगी। स्टेलर डाटा रिकवरी के लिए विंडो-आर, मैक-आर, आईफोन-आर, और स्टेलर फोटो रिकवरी के साफ्टवेयर लांच किए। इस मौके पर स्टेलर के निदेशक मनोज धींगरा ने कहा कि नए सॉफ्टवेयर डाटा रिकवरी के लिए काफी उपयुक्त हैं और कोई भी इसे स्टेलर की वेबसाइट से डाउनलोड कर इसका इस्तेमाल कर सकता है।उन्होंने कहा कि इसके लिए बहुत ज्यादा तकनीकी विशेषज्ञता की जरूरत नहीं है। आम उपभोक्ता भी इन सॉफ्टवेयर के जरिए अपने डाटा रिकवर और रिपेयर कर सकते हैं।



# वर्ल्ड चैंपियन फ्रांस को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंचा बेल्जियम

नई दिल्ली। बेल्जियम ने फीफा द्वारा जारी विश्व रैंकिंग में वर्ल्ड चैंपियन फ्रांस को पछाड़कर साल का अंत शीर्ष स्थान के साथ किया है. बेल्जियम को वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में फ्रांस से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन टीम ने अब डिडिएर डेस्चैम्प्स की टीम को एक रैंकिंग अंक से पीछे छोड़ दिया है. बेल्जियम के फीफा की गणना के अनुसार 1,727 अंक हैं जबकि फ्रांस के 1,726 अंक हैं. ब्राजील की टीम 1,676 अंक से तीसरे स्थान पर है.



# इस व्रत को करने से मिलता हैं मोक्ष



हिंदू धर्म में एकादशी को भगवान विष्णु से तो प्रदोष को भगवान शिव से जोड़ा गया है. कहते हैं प्रदोष व्रत करने से जीवन के सारे कष्ट दूर होकर भाग जाते हैं. ऐसे में कहा जाता है इस व्रत को करने से भगवान शिव की कृपा सदैव बनी रहती है. प्रदोष व्रत में भगवान शिव के पूजन का विधान है. आप सभी को बता दें कि चंद्र को क्षय रोग था, जिसके चलते उन्हें कष्ट हो रहा था. कहते हैं भगवान शिव ने उस दोष का निवारण कर उन्हें त्रयोदशी के दिन पुन- जीवन प्रदान किया और इस वजह इस दिन को प्रदोष कहा जाने लगा.

कहा जाता है प्रदोष व्रत रखने से शरीर में चंद्र तत्व में सुधार होता है और मानसिक बेचैनी समाप्त होती है. आप सभी को बता दें कि प्रदोष व्रत सबसे शुभ व महत्वपूर्ण व्रतों में से एक है और ऐसा माना जाता है कि प्रदोष व्रत रखने से दो गायों को दान करने के समान पुण्य फल प्राप्त होता है. वहीं इस व्रत को रखने वाला मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ता जाता है. वहीं कहते हैं कि प्रदोष व्रत में त्रयोदशी के दिन सूर्य उदय से पूर्व उठना चाहिए और भगवान भोले नाथ का स्मरण करें.

वहीं इस व्रत में आहार नहीं लिया जाता है और पूरे दिन उपवास रखने के बाद सूर्यास्त से एक घंटा पहले स्नान कर श्वेत वस्त्र धारण करें.

कहते हैं प्रदोष व्रत में आराधना के लिए कुशा के आसन का प्रयोग किया जाता है और ऊँ नमः शिवाय का जाप करते हुए भगवान शिव को जल अर्पित करने से बहुत लाभ मिलता है.

# भारत का बॉक्सिंग डे टेस्ट मैचों में जानिए कैसा रहा इतिहास




नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का तीसरा टेस्ट आगामी बुधवार को मेलबर्न में शुरू होने जा रहा है. पर्थ में दूसरा टेस्ट मैच जीतकर वापसी के लिए बेताब टीम इंडिया 26 दिसंबर से मेलबर्न में शुरू होने वाले इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली बार बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच जीतकर सीरीज में फिर से बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी. भारतीय टीम ने अब तक बॉक्सिंग डे यानि 26 दिसंबर से शुरू होने वाले 14 टेस्ट मैच खेले हैं जिनमें से उसे केवल एक मैच में जीत मिली है और वह भी ऑस्ट्रेलिया में नहीं बल्कि सुदूर दक्षिण अफ्रीका में. भारत के लिये बॉक्सिंग डे मैचों के परिणाम उत्साहजनक नहीं रहे हैं.

**यह रिकॉर्ड है टीम इंडिया का बॉक्सिंग डे टेस्ट में**

भारत ने अब तक 14 बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच खेले हैं और इनमें से दस में उसे हार का सामना करना पड़ा.

उसने केवल एक मैच जीता है जबकि तीन अन्य ड्रा रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया में वह सात बॉक्सिंग डे टेस्ट का हिस्सा रहा और इनमें से पांच मैचों में उसे हार झेलनी पड़ी जबकि दो मैच का अनिर्णीत समाप्त हुए. भारत ने 1991, 1999, 2003, 2007 और 2011 में मेलबर्न में लगातार पांच टेस्ट मैच गंवाये. उसने मेलबर्न में आखिरी बॉक्सिंग डे मैच 2014 में खेला था जो ड्रा रहा था.

## आज का राशिफल

मेषः लक्ष्मीजी की कृपा आप पर बरसेगी, ऐसा गणेशजी कहते हैं। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति में वृद्धि होने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। विवाह का आयोजन सफलतापूर्वक होगा लेकिन मध्याह्न के बाद आपका स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

वृषभः आज का दिन शुभफलदायी है। व्यवसाय में स्थिति अनुकूल रहेगी तथा आपके कार्य की प्रशंसा भी होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्य भी सरलतापूर्ण संपन्न होंगे और लाभ भी होगा। दांपत्य जीवन में आमोद-प्रमोद छाया रहेगा।

मिथुनः प्रतिस्पर्धियों और उच्च अधिकारियों के साथ वाद-विवाद न करने की गणेशजी की सलाह है। आमोद-प्रमोद से संबंधित वस्तुओं को खरीदने में खर्च अधिक होने की संभावना है। व्यावसायिक क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्कः अनैतिक कार्य और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की गणेशजी की सलाह है। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार ना हो, इसका ध्यान रखें। मध्याह्न के बाद विदेश से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। संतान के भविष्य को लेकर चिंता हो सकती है।

सिंहः स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने-फिरने की योजना बनाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगा। साझेदारों के साथ चर्चा सकारात्मक होगी।

कन्याः आपके स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। कार्य सफलता से प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

तुलाः अपनी बौद्धिक शक्ति से आगे बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें इसलिए यात्रा को टाल दें। आकस्मिक खर्च के योग हैं। मध्याह्न के बाद कार्य-सफलता मिलने से मानसिक रूप से आप प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिकः आज विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। स्वभाव में हठीलापन छोड़कर आगे बढ़ेंगे तो अनेक समस्याओं का छुटकारा मिलेगा। नए वस्त्राभूषण तथा प्रसाधन के पीछे धन का खर्च अधिक होने की आशंका है।

धनुः शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आज बना रहेगा। परिजनों के साथ प्रवास-पर्यटन का आयोजन बनेगा। मित्रों के साथ समय का आनंदपूर्वक सदुपयोग हो जाएगा।

मकरः आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। धार्मिक कार्यों और उपासना के पीछे धन का खर्च हो सकता है। मध्याह्न के बाद आपका मन प्रफुल्लता का अनुभव करेगा।

कुंभः आज आध्यात्मिक विषयों की तरफ झुकाव अधिक रहेगा। शारीरिक प्रफुल्लता और मानसिक प्रसन्नता दिनभर बनी रहेगी। मध्याह्न के बाद आप धार्मिक कार्यों के प्रति आकर्षित रहेंगे।

मीनः धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय सावधानी बरतें, ऐसा गणेशजी कहते हैं। किसी के भी कार्य में विघ्न न डालें। वाणी और ोध पर संयम बरतें।

## जाने शुगर फ्री गाजर का हलवा बनाने की विधि



गाजर हलवा स्वादिष्ट होता है. ठंड में यह हर घर, शादी, पार्टी में बनता है. अगर इसे चीनी की जगह गुड़ से बनाया जाए तो यह हेल्दी भी हो जाएगा. इस हलवे को डाइबिटीज के मरीज भी खा सकते हैं.

एक नज़र

रेसिपी क्विजीन : इंडियन

समय : 30 मिनट से 1 घंटा

मील टाइप : वेज

आवश्यक सामग्री

500 ग्राम लाल गाजर

250 ग्राम दूध

250 ग्राम गुड़

300 ग्राम खोया/मावा

12-15 बादाम बारीक काटे लें

12-15 काजू, बारीक काट लें

8-10 पिस्ता, बारीक काट लें

5 हरी इलायची, पीस

5 टेबलस्पून घी

एक बड़ा चम्मच सूखे मेवे

कड़ाही

विधि- गाजर धोकर छील लें और कद्दूकस कर लें. गैस पर कड़ाही रखें. जब यह गर्म हो जाए तो इसमें घी डाल दें.

घी के गर्म होते ही इसमें कद्दूकस की गाजर डालकर अच्छी तरह से चलाते हुए पकाएं.

गाजर को पानी सूखने तक पकाना है. इसमें 15 मिनट तक समय लगता है.

जब गाजर अच्छी तरह से सूख जाए और गलने लगे तो इसमें दूध डालकर अच्छी तरह मिलाएं.

कड़छी से चलाते हुए दूध के गाढ़ा होने तक हलवा पकाना है.

जब दूध गाढ़ा हो जाए तो हलवे में गुड़ डालकर अच्छी तरह मिलाते हुए पकाएं.

गुड़ डालने के बाद हलवा पानी छोड़ेगा इसलिए इसे चलाते हुए पकाएं.

जब गुड़ अच्छी तरह हलवे में घुल जाए तो इसमें मावा डालकर अच्छी तरह मिला लें.

जब हलवा बढ़िया दानेदार हो जाए तो इसमें इलायची पाउडर और कटे हुए मेवे/ड्राईफ्रूट्स मिला लें.

4-5 मिनट तक पकाकर आंच बंद कर दें.

10 मिनट के बाद गाजर के हलवे का आनंद लें.


## शब्द सामर्थ्य-24

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 23 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## सू-दोकू-24

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.23 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |